कैंप में 525 हृदय रोगियों को जांचा

अम्बाला हैल्थकेयर एंड वैल्फेयर सोसायटी ने लगाया मैगा शिविर

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों को जांचते तथा ई.सी.जी.सी. करते डाक्टर। (मोहन)

अम्बाला शहर, 29 जुलाई (रीटा): अम्बाला हैल्थकेयर एंड वैल्फेयर सोसायटी द्वारा अम्बाला क्लब शहर में लगाए गए मैगा नि:शुल्क मैडीकल कैंप में फोर्टीज अस्पताल मोहाली के हृदय रोग विशेषज्ञ डा. जी.एस. कालड़ा व उनकी टीम ने 525 हृदय रोगियों की जांच की।

शिविर में कुल 1260 रोगियों का चैकअप किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पी.सी. शर्मा की टीम द्वारा 500 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 48 मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों के उनके अस्पताल में मुफ्त ऑप्रेशन किए जाएंगे। दंत रोग विशेषज्ञ डा. सन्नी सिंह आहलूवालिया की टीम द्वारा अपनी मोबाइल डैंटल वैन में 160 रोगियों का चैकअप एवं उपचार किया गया। इसी प्रकार चिल्ड्रन अस्पताल पंचकूला के डा. राजेंद्र सेठी व डा. संदीप द्वारा 23 बच्चों का चैकअप किया गया जबकि इसी अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डा. चेतना ने 36 महिलाओं का चैकअप किया। ई.एन.टी. विशेषज्ञ डा. रिषी गौतम अग्रवाल द्वारा 57 रोगियों का चैकअप किया गया। फोर्टीज अस्पताल के ही डा. असीम राजपाल तथा डा. अनिक ने डा. कालड़ा से पूर्व सभी हृदय रोगियों का चैकअप करके उनकी बीमारी का ब्यौरा लिया। डा. विवेकशील मल्होत्रा व डा. रितेश द्वारा भी 50 से अधिक क्षय व अन्य रोगियों की जांच की गई।

478 लोगों की हुई शूगर की जांच

शिविर में 478 लोगों की शूगर की जांच की गई तथा 152 लोगों की ई.सी.जी. व 142 लोगों को इको टैस्ट भी किया गया।

मुख्य मकसद गरीब लोगों को ऐसे विशेषज्ञ डाक्टरों की सेवाएं मुफ्त देना : शक्ति रानी

अम्बाला हैल्थकेयर एंड वैल्फेयर सोसायटी की चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा जोकि पूरे शिविर के दौरान वहां मौजूद रही और उन्होंने अम्बाला शहर, अम्बाला छावनी तथा दूर-दराज से आए रोगियों से भी बातचीत की और शिविर को व्यवस्थित करने में भी सराहनीय योगदान दिया। शर्मा ने बताया कि सोसायटी द्वारा लगाया गया यह 15वां शिविर है।

सम्बद्धता (एफीलेशन) करवाने बारे जल्द होगी कार्रवाई : शर्मा

अम्बाला शहर, 29 जुलाई (रीटा): अम्बाला क्लब अम्बाला शहर की चंडीगढ़ क्लब चंडीगढ़ तथा फीनिक्स क्लब छावनी के साथ सम्बद्धता (एफीलेशन) करवाने बारे जल्द कार्रवाई की जाएगी।

शहर के विधायक विनोद शर्मा द्वारा आज क्लब में अम्बाला हैल्थकेयर एवं वैल्फेयर सोसायटी द्वारा आयोजित मैडिकल कैंप का दौरा करने के उपरांत क्लब के प्रधान डा. एस.एस. आहलूवालिया ने उन्हें क्लब में चल रही गतिविधियों से अवगत करवाते हुए की गई मांग पर शर्मा ने यह आश्वासन दिया। डा. आहलूवालिया ने बताया कि उनके क्लब में करीब 650 सदस्य हैं तथा इसी प्रकार फीनिक्स क्लब के सदस्यों की संख्या 950 से अधिक है। शहर में रहने वाले काफी ऐसे लोग हैं जो फीनिक्स क्लब के सदस्य हैं जबकि अम्बाला छावनी में रहने वाले कई लोग अम्बाला क्लब के सदस्य हैं।

इसके अलावा दोनों क्लबों के सदस्य अक्सर चंडीगढ़ आते-जाते रहते हैं तथा नौकरी व कारोबार के कारण भी चंडीगढ़ से जुड़े हुए हैं। इसी प्रकार चंडीगढ़ में रहने वाले कई लोग शहर व छावनी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि तीनों क्लब की आपस में एफीलेशन हो जाएगी तो तीनों क्लबों के सदस्यों को काफी लाभ होगा।

निर्माण कार्य का अवलोकन करती शक्ति रानी शर्मा तथा डी.सी. शेखर विद्यार्थी। (मोहन)